प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

शिक्षक दिवस शिक्षकों का किया गया सम्मानित

पंतनगर। 06 सितम्बर 2022। विश्वविद्यालय के डा. बी.बी. सिंह ऑडिटोरियम में पी.जी. सोसाइटी द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य जुलाई 2022 से जून 2023 के मध्य सेवामुक्त होने वाली फैकल्टी को सम्मानित किया जाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर कहा की शिक्षकों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा विद्यार्थियों को दी जानी चाहिए, जिससे उनके द्वारा विकसित नई तकनीक उत्तराखण्ड राज्य के अन्तिम किसान तक पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम में अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डा. के. पी. रावरेकर; विशिष्ट अतिथि, एमराइटस वैज्ञानिक, डा. वीर सिंह ने सेवामुक्त होने वाले प्राध्यापकों, समस्त अधिष्ठाता, निदेशक एवं सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि, डा. वीर सिंह ने मानवीय मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे विज्ञान एवं संस्कृति एक दूसरे से संबन्धित हैं। इस अवसर पर वर्ष 2022–23 में सेवानिवृत्त होने वाले 15 शिक्षकों को कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डा. रितिका भट्ट ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

शिक्षक दिवस के अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।